हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शुक्रवार 20 मार्च 2026


तापमान

अधिकतम 24 .6 डिग्री
न्यूनतम 16 .5 डिग्री

12 जनगणना राष्ट्रीय दायित्व का महत्वपूर्ण कार्य प्रशिक्षण गंभीरता से लेना जरूरी: डीसी



12 जानलेवा हमले का आरोपी 'हाथी' गिरफ्तार, मामले में शामिल तीन अन्य भी चढ़े हत्थे



## खबर संक्षेप

### दहेज प्रताड़ना मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज की मांग पर महिला को प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में उसके पति को गिरफ्तार किया है। जिले के एक गांव निवासी प्रेमलता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। विवाहिता ने दहेज की मांग पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। दोनों पक्षों के बीच समझौता नहीं होने के कारण पुलिस ने गत 17 जनवरी को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस चादरी के मिसोरी निवासी सतीश को गिरफ्तार किया है।

### सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों को अंजाम देने के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। गत 17 मार्च को हुए हादसे में एक व्यक्ति ईको कार की चपेट में आकर घायल हो गया था। पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज करने के बाद वाहन चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में बालियर खुर्द निवासी सुरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। खोल थाना पुलिस ने 12 मार्च को जैसलमेर नेशनल हाइवे पर हुए हादसे के बाद दर्ज मामले में महेंद्रगढ़ के नांगल चौधरी निवासी हनुमान को गिरफ्तार किया है। उसकी अर्टिगा कार भी कब्जे मंल ली गई है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### कोर्ट से घोषित किया पीओ चढ़ा हत्थे



**रेवाड़ी।** थाना बावल पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। अदालत में चल रहे मामले में लगातार अनुपस्थित रहने के कारण चिराहड़ा निवासी महेश को पीओ घोषित किया गया था। कोर्ट ने बावल थाना पुलिस को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### ईसी एक्ट मामले में आरोपी रिमांड पर

**रेवाड़ी।** बावल थाना पुलिस ने अवैध रूप से पेट्रोमैक्स सिलेंडर पकड़े जाने के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए रिमांड पर लिया है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने 17 मार्च की सायं रसियावास फाटक पर एक दुकान से 1748 छोटे सिलेंडर बरामद किए थे। इस मामले में पुलिस ने दुकानदार प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। अवैध सिलेंडरों की सप्लाई के बारे में पूछताछ के लिए उसे कोर्ट से एक दिन के रिमांड पर लिया है। पकड़े गए सिलेंडर इस्तेमाल के लिए खतरनाक बताए जा रहे हैं।

### चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात के बाद मिली शिकायत के आधार पर गत 18 जनवरी को चोरी का केस दर्ज किया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरी के आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने राजस्थान के गंडाला निवासी विजयपाल को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक बैट्री बरामद की गई है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

*किसान संगठनों ने उठाई फसल के मुआवजे की मांग, बारिश और ओलावृष्टि का खतरा अभी भी बरकरार*

# धरतीपुत्र पर खेत से मंडी तक मार, गेहूं की फसल जमीन पर गिरकर चौपट, मंडी में पानी में बही सरसों

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

फसल तैयार होते ही मौसम धरतीपुत्र के लिए 'खलनायक' साबित हो गया। बुधवार देर सायं हुई आंधी के साथ बारिश ने जहां खेतों में गेहूं की फसल जमीन पर बिछा दी, वहीं अनाज मंडी में इंतजामों की कमी के चलते किसानों की सरसों पानी में बहकर खराब हो गई। काली सरसों का रंग पानी में धुलकर लाल हो गया। लाखों रुपये की सरसों बारिश के कारण खराब होने का अनुमान है। किसानों के सिर से बारिश और ओलावृष्टि का खतरा अभी टला नहीं है। किसान संगठनों ने बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे की मांग उठाना शुरू कर दिया है। तेज आंधी, बारिश और कुछ इलाकों में ओलावृष्टि के कारण एक ओर जहां सरसों की तैयार फसल झड़कर जमीन पर गिर गई, वहीं गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई है। ओलावृष्टि प्रभावित गांवों में सरसों की फसल को ज्यादा नुकसान हुआ है। गेहूं की फसल जमीन पर गिर गई है। इससे एक ओर किसानों के लिए फसल कटाई मुसीबत बन जाएगी, तो दूसरी ओर अधपकी फसल का दाना कमजोर रहेगा। इससे फसल उत्पादन में कमी आएगी। मौसम की मार ने अन्नदाता को पूरी तरह लाचार बना दिया है। किसान संगठन एआईकेकेएम के प्रधान का. रामकुमार ने प्रदेश सरकार से प्रभावित किसानों को तुरंत मुआवजा देने की मांग की है। वहीं दूसरी ओर शहर में बरसात के बाद जगह-जगह जलभराव हो गया। बरसाती पानी से बनी कीचड़ के कारण लोगों को दिन भर परेशानी का सामना करना पड़ा।



रेवाड़ी। एक खेत में ओलावृष्टि से बिछी गेहूं कर फसल। फोटो : हरिभूमि

## 212 बिजली के पोल व 28 ट्रांसफार्मर गिर कर क्षतिग्रस्त हो गए



रेवाड़ी। बुधवार को आई तेज बरसात से भीगी व सड़क पर पड़ी सरसों। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। अनाजमंडी के तीसरे फड से बहकर सड़क पर पड़ी सरसों। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। बरसात से भीगी सरसों को ट्रैक्टर डालते हुए किसान व मजदूर।

### किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

बुधवार देर शाम अंधड व ओलावृष्टि के साथ हुई तेज बरसात से खेतों से मंडी तक किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया। अनाजमंडी में किसानों व आढतियों की लाखों की सरसों पानी में बहकर बर्बाद हो गई। अनाजमंडी के तीनों फड़ों के पास सड़क पर खराब हुई सरसों ही नजर आ रही है। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल पूरी तरह से बिछ गई। वीरवार को अनाजमंडी में किसान व व्यापारी दिनभर बरसात में भीगी सरसों को समेटते रहे। काफी किसानों को तो अपनी सरसों को ट्रैक्टर में डालकर वापस घर ले जाना पड़ा, जिससे उनको आर्थिक नुकसान और झेलना पड़ा। मौसम में अचानक आए बदलाव ने किसानों की परेशानी बढ़ाने का काम कर दिया है। किसानों की हालत यह है कि उनकी फसल खेतों में भी खराब हो रही है और मंडियों में भी। बरसात के कारण शहर की सड़कें भी जलमग्न है। वीरवार को भी लोगों को जलभराव की स्थिति का सामना करना पड़ा।

### गांवों में चरमराई बिजली व्यवस्था

*आंधी और बारिश के कारण ग्रामीण इलाकों में 212 बिजली के पोल व 28 ट्रांसफार्मर गिर कर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कई गांवों में लोगों को बिना बिजली अंधेरे में रात बितानी पड़ी। लगभग 50 फीडर बंद हो गए थे, जिन्हें चालू करने के लिए रात भर बिजली कर्मी फील्ड में उतरे रहे। अधिकांश गांवों की बिजली आपूर्ति वीरवार शाम तक बहाल कर दी गई। बिजली निगम के एसई प्रदीप चौहान ने बताया कि अभी कर्मचारी एग्रीकल्चर कनेक्शनों के पोल चेक करने में लगे हुए हैं। बिजली व्यवस्था जल्द से जल्द सुचारू कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। शहर में कई स्थानों पर पेड़ भी टूटकर गिर गए।*

### दिल के अरमां मंडियों में बह गए

इस वर्ष करीब 80 हजार हेक्टेयर जमीन पर सरसों की बिजाई की गई थी। अनाजमंडी में खुले में सरसों के 6 हजार से 6400 रुपये प्रति क्विंटल भाव मिलने से बुधवार दोपहर तक किसानों के चेहरों पर काफी खुशी नजर आ रही थी, लेकिन शाम के समय अचानक काले बादल छाने के बाद अंधड़ व ओलावृष्टि के साथ हुई तेज बरसात ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया। अनाजमंडी में खुले में पड़ी कई क्विंटल सरसों बरसात की भेंट चढ़ गई। वहीं खेतों में काटी गई सरसों की फसल व गेहूं की खड़ी फसल भी बर्बाद हो गई। अनाजमंडी में पिछले 4 दिन से सरसों की आवक काफी बढ़ गई थी। तेज बरसात के कारण किसानों का टीन शेड से बाहर रखी हुई सरसों सड़क पर बह गई।

### अनाजमंडी में नहीं पानी निकासी की व्यवस्था

बरसात आने पर हर बार अनाजमंडी पूरी तरह जलमग्न हो जाती है। बरसात का पानी दो-तीन दिन तक सड़क पर जमा रहता है। वीरवार को अनाजमंडी में कई जगह पानी जमा रहा। मजदूर फड़ के पास जमा पानी में से सरसों की बोरियां निकालते रहे। अनाजमंडी में दुकानों के पीछे भी बरसात का पानी जमा होने से कीचड़ के हालात हो गए। शहरी क्षेत्र में बारिश के कारण वीरवार को भी जगह-जगह जलभराव बना रहा। शहर के बावल रोड, भाड़ावास रोड, बस स्टैंड व सचिवालय रोड सहित निचले इलाकों से वीरवार को भी पानी की निकासी नहीं हो पाई।

## देशी कट्टे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** सीआईए की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गत 18 मार्च को सीआईए धारूहेड़ा को सूचना मिली थी कि दीपांशु निवासी गोयल कॉलोनी महेश्वरी के पास अवैध हथियार है। जोकि एमटूके सोसायटी से महेश्वरी जाने वाले रोड़ पर किसी के इंतजार में खड़ा है। सूचना पर सीआईए ने आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर 1 अवैध देशी कट्टा व 1 खोल बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-6 धारूहेड़ा में शस्त्र अधिनियम तहत मामला दर्ज किया है।



## अवैध गैस सिलेंडर रखने का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना बावल पुलिस ने अवैध सिलेंडरों का भंडारण करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने बीते 17 मार्च को बावल के रसियावास रोड पर एक दुकान से 1748 सिलेंडर बरामद करने के बाद उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस ने एएफएसओ सत्यप्रकाश महता की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया था। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी ने पुलिस शिकायत में बताया था कि यह सिलेंडर बिना बीआईएस प्रमाणन के पाए गए हैं। इन सिलेंडरों को एलपीजी सिलेंडरों से रिफिल करने के बाद बेचने की नियत से रखा हुआ था। बड़ी संख्या में ऐसे सिलेंडरों का भंडारण जन सुरक्षा के लिहाज से बड़ा खतरा होता है। पुलिस ने इस मामले में जांच के बाद बावल के रसियावास रोड निवासी प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद एक दिन के रिमांड पर लिया गया है।

## 6.19 लाख रुपये की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

- एक व्यक्ति को फ्लैट बुकिंग के नाम पर की थी ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने बीते वर्ष जून माह में भोतवास भोंदू निवासी एक व्यक्ति को फ्लैट बुकिंग के नाम पर लगभग 6.19 लाख रुपये की ठगी का शिकार बनाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे रिमांड पर लिया गया है। साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में भोतवास भोंदू निवासी कुलदीप शर्मा ने बताया था कि उसके पास 3 जून 2025 को व्हाट्स एप कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने उसे घर बैठ काम करते हुए पैसा कमाने का लालच दिया था। उसने इसके लिए मना कर दिया। दो-तीन बाद उसे टेलीग्राम पर एबीसीसी प्रोजेक्ट के बारे में फ्लैट बुकिंग प्रोजेक्ट में पैसा लगाने को कहा। उसके पास एक लिंक भेजकर उसे प्लान समझाया गया। उसने झांसे में आकर 8 ट्रांजेक्शन के जरिए 619089 रुपये बताए गए बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए। उसने फ्लैट बुकिंग का लेटर या रसीद मांगी, तो उन लोगों ने रसीद या लेटर नहीं दिए। उससे और अधिक पैसे की मांग की गई, तो उसकी ठगी का पता चला। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी।

### आरोपी के खाते में ट्रांसफर हुई थी रकम

इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद यूपी के जिला लखीमपुर के गांव सकेथू निवासी सुधाकर वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। उसके बैंक खाते में ठगी की रकम में से 96872 रुपये ट्रांसफर हुए थे। अन्य आरोपियों का पता लगाने के लिए पुलिस ने उसे कोर्ट से रिमांड पर लिया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिए विभाग अलर्ट

- शिकायत के समाधान को हेल्पलाइन नंबर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कुकिंग गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम लगातार गैस एजेंसियों की नियमित रूप से जांच कर रही है। गैस संबंधी शिकायतों का समाधान करने के लिए विभाग की ओर से हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है, जिस पर कालाबाजारी की शिकायत भी दर्ज कराई जा सकती है। डीएफएससी नितिन कुमार सिंगला ने बताया कि जिले में एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। विभाग गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी करने वालों पर पैनी नजर रखे हुए है। गैस की कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग जैसी शिकायतों की सूचना देने के लिए हेल्पलाइन नंबर 01274-225214 जारी किया गया है। इस नंबर पर कार्य दिवस में सुबह 10 बजे तक शाम 4 बजे तक शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं। हेल्पलाइन नंबर पर मिलने वाली शिकायतों का तुरंत समाधान किया जाएगा। उन्होंने गैस उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह अनावश्यक रूप से गैस एजेंसियों पर नहीं जाएं। इससे एजेंसियों पर भीड़ हो जाती है। आमजन में भीड़ का गलत संदेश जाता है।



रेवाड़ी। इंडियन गैस एजेंसी के बार लगी लोगों की कतार। फोटो : हरिभूमि

### दैनिक 200 कमर्शियल सिलेंडर का कोटा तय

*डीएफएससी ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए जिले को प्रतिदिन 200 कमर्शियल सिलेंडरों का कोटा मिला है। यह सिलेंडर अस्पताल, शिक्षण संस्थाओं और उनमें चलने वाले हॉस्टलों व शादी समारोह के लिए आवंटित किए जा रहे हैं। लड़कियों की शादी को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि कमर्शियल सिलेंडर लेने के लिए निर्धारित फॉर्म भरकर डीएफएससी कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य है। उसके बाद प्राथमिकता को देखते हुए सिलेंडर आवंटित किए जाएंगे।*

## डीसी ने बाल देखभाल संस्थाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**रेवाड़ी।** जिला बाल कल्याण परिषद के चेयरमैन एवं डीसी अभिषेक मीणा ने वीरवार को बाल कल्याण परिषद की ओर से संचालित आस्था कुंज एवं बाल देखरेख संस्थान रेवाड़ी तथा ओपन शेल्टर होम बावल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए स्टाफ सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने संस्थाओं में रह रहे बच्चों की आवास, भोजन, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर डीसी ने बाल देखरेख संस्थान में रह रहे बच्चों से संवाद कर उनकी समस्याओं वआवश्यकताओं के बारे में जानकारी भी ली। डीसी ने कहा कि स्टाफ सदस्य बच्चों को सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराएं, ताकि वे किसी प्रकार की कमी महसूस न करें। इस अवसर पर सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के उप-निदेशक अमित पंवार, जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव, जिला बाल संरक्षण इकाई सामाजिक कार्यकर्ता अन्नु, सदस्य बाल कल्याण समिति बलजीत व नीतू चौधरी, अधीक्षिका बाल गृह मुग्धा यादव, विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण मैनेजर धर्मबीर, कौशल्या देवी व अशोक कुमार मौजूद थे।



रेवाड़ी। आस्था कुंज में बच्चों से संवाद करते डीसी अभिषेक मीणा।

*श्रृद्धालुओं ने अपने घरों में भी घट स्थापना कर माता की चौकी लगाई*

# चैत्र नवरात्र के पहले दिन माता के मंदिरों में रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नवीरवार को चैत्र नवरात्र के पहले दिन शहर के मंदिरों में काफी रौनक रही। मंदिरों में कलश स्थापना के साथ मां जगदंबा की पूजा अर्चना की गई। श्रृद्धालुओं ने अपने घरों में भी घट स्थापना कर माता की चौकी लगाई। नवरात्र पर शहर के सभी मंदिरों को दुल्हन की तरह सजाया गया है। नवरात्रों के प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मां भगवती के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा अर्चना की। दुर्गा मां के इस पर्व को मनाने के लिए शहर के कई मंदिरों में विशेष अनुष्ठान का आयोजन भी किया गया। मंदिरों में माता के अलग-अलग स्वरूपों का श्रृंगार किया जा रहा है। श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर अपनी मनोकामना पूर्ण करने की मन्नतें भी मांगी। शहर के बारा हजारी स्थित दुर्गा माता मंदिर, धारूहेड़ा चुंगी स्थित काली माता मंदिर, बड़ा तालाब स्थित मंसा माता मंदिर, नई बस्ती स्थित मंसा देवी मंदिर, सेक्टर-3 स्थित माता मंदिर, बारा पत्थर स्थित कालीमाता मंदिर व आर्य समाज रोड दुर्गामाता मंदिर सहित सभी मंदिरों में दिन भर श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा।





रेवाड़ी। बारा हजारी मंदिर में सजी मां दुर्गा की प्रतिमा, प्रथम नवरात्र पर दुर्गा मंदिर में माता की पूजा करते श्रद्धालु।

### आज होगी मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

मां दुर्गा की उपासना नवशक्तियों का दूसरा स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी का है। शुक्रवार को उपासक मां ब्रह्मचारिणी के स्वरुप की पूरे विधि विधान के अनुसार पूजा अर्चना करेंगे। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि मां ब्रह्मचारिणी का स्वरूप पूर्ण ज्योर्तिमय एवं अत्यंत भव्य है। इनके दाहिने हाथ में जप की माला एवं बाएं हाथ में कमंडल रहता है। अपने पूर्वजन्म में जब ये राजा हिमालय के घर में पुत्री के रूप में उत्पन्न हुई थी, तब नारद के कथन से इन्होंने भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठिन तपस्या की थी। एक हजार वर्ष उन्होंने केवल फल-फूल खाकर ही व्यतीत किए थे। मां दुर्गा का यह दूसरा स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल देने वाला है। इनकी उपासना से मनुष्य में तप की आग, वैराग्य, सदाचार व संयम की वृद्धि होती है। मां की उपासना से कठिन संघर्षों में भी उपासकों का मन कर्तव्य पथ से विचलित नहीं होता। मां की कृपा से उपासकों को सर्वत्र सिद्धी और विजयी की प्राप्ति होती है।

## रोडवेज बस की चपेट में आकर बाइक सवार दो घायल

**धारूहेड़ा।** कापड़ीवास के पास दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर राजस्थान रोडवेज की बस की चपेट में आकर बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। एक युवक के पैर को बस ने कुचल दिया। दोनों को अस्पताल में दाखिल कराया गया है। महेंद्रगढ़ के सेहलंग निवासी सुमित अपने दोस्त दीपक के साथ बाइक पर किसी काम से जा रहा था। दोनों कापड़ीवास के पास पहुंचे तो राजस्थान रोडवेज की बस ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद दोनों बाइक से गिर गए। सुमित का एक पैर बस के टायर के नीचे कुचला गया। हादसे में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। चालक बस सहित मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद बस चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

**विशेष: विश्व गौरैया दिवस, 20 मार्च**

# आओ बनें गौरैया के दोस्त

बच्चो, गौरैया एक छोटी-सी प्यारी चिड़िया है, जो कभी हर घर-आंगन में फुदकती देखी जाती थी। इसकी 'चीं..चीं' की आवाज बहुत भाती है। लेकिन कई कारणों से अब यह चिड़िया कम ही दिखती है। हम अपने छोटे-छोटे प्रयासों से नन्ही गौरैया को फिर से घर-आंगन की रौनक बना सकते हैं।

**पक्षी जगत**
**शिखर चंद जैन**


एआई इमेज

एक समय था, गौरैया 'चीं..चीं' करते हुए हर जगह दिखाई देती थी, लेकिन अब यह लुप्त सी हो गई है। आजकल बहुत कम नजर आती है। गौरैया बनी रहे, इनकी चहचहाट सुनाई देती रहे, इसके लिए लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 20 मार्च को 'विश्व गौरैया दिवस' मनाया जाता है।

**ऐसे हुई विश्व गौरैया दिवस की शुरुआत:** वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कार्य करने वाली भारतीय संस्था नेचर फॉरएवर सोसायटी के फाउंडर मोहम्मद दिलावर, गौरैया की घटती हुई संख्या से चिंतित हुए। वर्ष 2010 में उन्होंने फ्रांस की ईको-सिस एक्शन फाउंडेशन के साथ मिलकर 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाने की शुरुआत की। शहरीकरण, मोबाइल रेडिएशन और कीटनाशकों के अधिक इस्तेमाल के कारण घटती गौरैया की आबादी के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना और गौरैया के संरक्षण को बढ़ावा देना ही इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य है।

**हमारी फ्रेंड जैसी गौरैया:** पुराने समय में गौरैया घर के सदस्य जैसी हुआ करती थी। वह दादी की रसोई से दाना चुगती थी, आंगन में दादाजी के पास आकर बैठ जाती थी, छत पर अनाज सूखते तो गौरैया झुंड बनाकर आतीं, इधर-उधर फुदक-फुदक कर दाने चुगती रहतीं। बच्चो, सोचो जरा, गौरैया की ये हरकतें कितनी मनभावन होती होंगी! लेकिन आज हमारे घरों में पहले की तरह गौरैया नहीं आतीं, लुभावने दृश्य देखने को नहीं मिलते हैं।

**क्यों दूर हो गई गौरैया:** बच्चो, हमारी प्यारी नन्ही दोस्त गौरैया की घटती संख्या और हमसे दूर होने के कई कारण हैं- जैसे-जैसे पेड़-पौधे कटने लगे, शहरीकरण होता गया, लोगों के रहन-सहन बदलने लगे, वैसे-वैसे हमारी ये नन्ही फ्रेंड हमसे दूर होती चली गई। अब घरों में झरोखे और रोशनदान नहीं होते, जहां गौरैया अपना घोंसला बना सके। अब ये बेचारी घरों में घुस तक नहीं सकती। एसी मशीनों की गर्म हवा और प्रदूषण ने इस नन्ही-सी जान का जीना मुश्किल कर दिया है।

हम अपने गार्डन, बालकनी में विदेशी शो पीस जैसे प्लांट लगाते हैं, जिनमें छोटे कीड़े नहीं होते। जबकि गौरैया के बच्चे हमारे देसी पेड़-पौधों पर पाए जाने वाले नन्हे कीड़ों को खाते है, जिससे उसे पोषण मिलता है। अब घरों में खेत से आने वाले गेहूं, चावल या अन्य अनाजों की जगह बंद पैकेट्स में रेडिमेड अनाज आते हैं, जिससे गौरैया को दाना मिलना बंद हो गया। इन सबके अलावा मोबाइल टावर्स से निकलने वाले रेडिएशन से भी गौरैया के जीवन को खतरा होता है।

**कैसे हो गौरैया की घर वापसी:** बच्चो, हम कुछ छोटे-छोटे प्रयासों से गौरैया को फिर से अपने घरों में बुला सकते हैं। आओ बच्चो, हम आज विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर गौरैया के सच्चे दोस्त बनें और उसे वापस बुलाने के लिए कुछ छोटे-छोटे मगर प्रभावी कदम उठाएं।

**खोलो देसी चिड़िया ढाबा:** अपनी बालकनी या छत पर मिट्टी के एक बर्तन में साफ पानी और दूसरे बर्तन में बाजरा, कंगनी या टूटे हुए चावल रखो।

**बनाओ उसका अपार्टमेंट:** चिड़िया को छांव और आश्रय देना भी जरूरी है। आजकल बाजार में तरह-तरह के बर्ड हाउस, नेस्ट, बर्ड फीडर आदि मिलते हैं। तुम चाहो तो जूते के पुराने डिब्बे में एक छोटा छेद करके उसे किसी सुरक्षित और ऊंची जगह पर लटका सकते हो, गौरैया इसमें रह सकेगी। इस डिब्बे को तुम कलर पेपर से सजाकर और भी अट्रैक्टिव बना सकते हो।

**गौरैया के लिए हरियाली:** घर की खिड़की, बालकनी या छत पर गेंदा, चमेली या नीबू जैसे देसी पौधे लगाने चाहिए। इन पर आने वाले छोटे कीट गौरैया के बच्चों का पसंदीदा भोजन होते हैं।

**कीटनाशकों को 'नो' कहें:** अपने पौधों पर जहरीले कीटनाशक का छिड़काव नहीं करना चाहिए। इससे गौरैया बीमार पड़ सकती है।

बच्चो, तुम्हारे इन छोटे-छोटे प्रयासों का बहुत ही सकारात्मक असर होगा। सोचो, कितना अच्छा लगेगा जब सुबह तुम्हारी नींद अलार्म से नहीं, बल्कि गौरैया की 'चीं-चीं' से खुलेगी! गौरैया को बचाने का मतलब सिर्फ एक पक्षी को बचाना नहीं है, बल्कि अपनी प्रकृति और खुशियों को भी बचाना है। *

## प्यारी और अनूठी गौरैया

बच्चो, गौरैया से जुड़े कुछ और भी रोचक तथ्य हैं, जो तुम्हें जरूर जानने चाहिए, जैसे-



**नहाने की शौकीन:** गौरैया को नहाना बहुत पसंद है। यह पानी में भी नहाती है और धूल में भी। यह जब धूल में मस्ती करती है तो इसे धूल-स्नान या डस्ट-बाथ कहते हैं।

**ईको-फ्रेंडली:** यह छोटे-छोटे कीड़ों को खाकर हमारे पेड़-पौधों को बीमारियों से बचाती है।

**कविता / राम नरेश 'उज्ज्वल'**

## मेरे घर आती गौरैया

मेरे घर आती गौरैया
घर भर को भाती गौरैया।
तिनका-तिनका जोड़-जोड़ कर,
कागज-पत्तर तोड़-मोड़ कर,
बना लिया उसने अपना घर,
कितना प्यारा, कितना सुंदर,
आंगन में मां दाने रखती,
बीन-बीन खाती गौरैया।
मेरे घर आती गौरैया।।
जंगल झाड़ी में भी जाती,
ढूंढ़-ढूंढ़ कर दाने लाती,
भूखे बच्चे मुंह फैलाते,
अपनी मां से भोजन पाते,
अपने नन्हे बच्चे को भी,
कभी-कभी लाती गौरैया।
मेरे घर आती गौरैया।।
झुंड बनाकर उड़ती ऊंचे,
टहल घूम कर आती नीचे,
पानी पीती घर के नल से,
पता नहीं क्या कहती जल से,



चीं-चीं चूं-चूं दिन भर करती,
सबको बहलाती गौरैया।
मेरे घर आती गौरैया।।

**विशेष: विश्व जल दिवस (22 मार्च)**

बच्चो, तुम्हें जानकर अचरज होगा कि पृथ्वी पर उपलब्ध कुल जल का 2.5-3% हिस्सा ही ताजा जल है। विश्व मे एक देश ऐसा है, जहां ताजे पानी की सर्वाधिक उपलब्धता है। कौन-सा है वह देश और किन कारणों से वहां उपलब्ध है सर्वाधिक ताजा जल, जानो।

# इस देश में उपलब्ध है सर्वाधिक साफ-ताजा जल

**यह भी जानो**
**नयनतारा**


ताजे पानी की सबसे बड़ी झील-सुपीरियर लेक

बच्चो, जल के बिना किसी का भी जीवन संभव नहीं है। लेकिन हमारे लिए उपयोगी ताजा जल पृथ्वी पर बहुत सीमित मात्रा में ही उपलब्ध है। हमारी पृथ्वी पर उपलब्ध कुल जल राशि का बहुत थोड़ा सा हिस्सा ही ताजा जल है। यह ताजा जल नदियों, झीलों, ग्लेशियरों और जमीन के अंदर से मिलता है। सभी देशों के पास ताजे जल के सीमित स्रोत हैं। इसीलिए ताजे जल को बर्बाद करने से हम सभी को बचना चाहिए।


ह्यूरॉन लेक भी है कनाडा में ताजा पानी का स्रोत

**कम हो रहा ताजा पानी:** हालांकि पृथ्वी का तीन-चौथाई हिस्सा जल है, लेकिन इसका बहुत कम हिस्सा ही इस्तेमाल करने योग्य यानी ताजा पानी है। चिंताजनक बात यह है कि ताजे पानी की उपलब्धता दिनों-दिन कम होती जा रही है। इसकी कई वजहें हैं, जैसे- झीलों, नदियों से लेकर समुद्रों तक को प्रदूषित किया जा रहा है। लोग पानी को बहुत बर्बाद भी करते हैं।

**यहां है सर्वाधिक ताजा जल:** संयुक्त राष्ट्र एवं वर्ल्ड बैंक के डाटा के अनुसार संसार में जो कुल ताजा पानी है, उसका पांचवां हिस्सा यानी 20 प्रतिशत अकेले कनाडा देश में उपलब्ध है। अब तुम सोच रहे होगे कि अकेले कनाडा में इतना अधिक स्वच्छ जल कैसे उपलब्ध है? इसकी प्रमुख वजह है वहां बड़ी संख्या में मौजूद झीलें।

**मौजूद हैं कई बड़ी झीलें:** कनाडा ताजा जल की दृष्टि से बहुत ही समृद्ध देश है। यहां 2 मिलियन से भी अधिक झीलें मौजूद हैं, जिनमें से अधिकतर हजारों साल पहले ग्लेशियरों के सिकुड़ने की वजह से बनी हैं। दुनिया की सबसे बड़ी ताजे पानी की झील सुपीरियर झील, कनाडा में ही स्थित है। विनिपेग झील भी कनाडा में स्वच्छ, ताजे पानी का एक बड़ा स्रोत है। इनके अलावा यहां ग्रेट बीयर लेक, ग्रेट स्लैव लेक, अथाबास्का लेक, ह्यूरॉन लेक जैसी कई लेक्स हैं, जो कनाडा को साफ-स्वच्छ ताजा जल की उपलब्धता की दृष्टि से समृद्ध बनाती हैं।

**भारत का स्थान:** दुनिया के अन्य देशों में ताजे पानी की उपलब्धता तो है, लेकिन यह कनाडा की तुलना में बहुत ही कम है। ताजे पानी की उपलब्धता के मामले में कनाडा के बाद ब्राजील, रूस, अमेरिका और चीन के बाद भारत का स्थान आता है। यानी अपने देश में भी ताजे जल के सीमित स्रोत हैं। इसलिए बच्चो, तुम स्वयं पानी की बर्बादी कभी मत करना और दूसरों को भी पानी बर्बाद न करने के लिए प्रेरित करो। *

**तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण**

## अच्छी-प्यारी कहानियां



बच्चो, अभी कुछ ही समय पहले डॉ. नागेश पांडेय 'संजय' की बाल कहानियों की किताब 'चंद्रलोक की थुलथुल परी' छपकर आई है। इसमें कुल बारह कहानियां संकलित हैं। इन कहानियों में तुमको कहीं जानकारी मिलेगी तो कहीं सीख मिलेगी। लेकिन इनको ऐसे रोचक अंदाज में लिखा गया है कि पढ़ने में तुमको खूब मजा आएगा। पहली कहानी 'चंद्रलोक की थुलथुल परी' में तुमको यह पता चलेगा कि विभिन्न ग्रहों पर अलग-अलग गुरुत्वाकर्षण के कारण कैसे भार में अंतर महसूस होता है? जलवायु परिवर्तन कैसे मौसम के चक्र को बिगाड़ रहा है, इस विषय पर 'बिन मौसम' कहानी सचेत करती है। 'दाने दाने पर लिखा होता है खाने वाले का नाम' इस मुहावरे पर आधारित मजेदार कहानी है 'नाम नहीं'। इनके अलावा किताब में स्वतंत्रता दिवस, होली, दीपावली, नए साल और ईद जैसे त्योहारों पर केंद्रित कहानियां भी प्रेरित करने वाली हैं। अन्य कहानियां 'एकता में बल है', 'गर्मी की छुट्टियां', 'सारे जग से न्यारी मम्मी' भी बहुत अच्छी-प्यारी हैं। *

**किताब:** चंद्रलोक की थुलथुल परी, **लेखक:** डॉ. नागेश पांडेय 'संजय', **मूल्य:** 225 रुपए, **प्रकाशक:** न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले




**चिंटू-मिंटू** फुटबॉल मैच देख रहे थे।
**चिंटू:** अरे, इतने सारे लोग फुटबॉल को लात क्यों मार रहे हैं?
**मिंटू:** गोल करने के लिए।
**मिंटू:** लेकिन फुटबॉल तो पहले से ही गोल है। इसे और कितना गोल करेंगे?
-आशीष, रायपुर

**हिंदी टीचर:** 'मुंह में पानी आना' इस मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करो।
**रोहन:** जैसे ही मैंने नल की टोटी में मुंह लगाकर नल चालू किया, मेरे मुंह में पानी आ गया।
-करण, बिलासपुर

एक यात्री रेलगाड़ी से उतरा। उसने स्टेशन पर खड़े भोलू से पूछा, 'बेटा ये कौन-सा स्टेशन है?'
**भोलू:** अंकल, ये रेलवे स्टेशन है।
-कुसुम, भोपाल

## जीके क्विज-197

1. भारत का दूसरा पूर्ण साक्षर केंद्र शासित प्रदेश कौन बना है?
2. फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन किन देशों में किया जाएगा?
3. अगले महीने किस पूर्वोत्तर राज्य में विधानसभा चुनाव होंगे?
4. हाल में 16 साल की उम्र में भारत के 94वें शतरंज ग्रैंड मास्टर कौन बने हैं?
5. सविनय अवज्ञा आंदोलन का नेतृत्व किसने किया था?
6. भारत में हरित क्रांति का जनक किसे माना जाता है?
7. विश्व रंगमंच दिवस कब मनाया जाता है?
8. पानी में हाइड्रोजन के अलावा कौन सा तत्व मौजूद होता है?
9. पेनिसिलीन की खोज किसने की थी?
10. लावणी किस राज्य का पारंपरिक लोकनृत्य है?



बच्चो, जीके क्विज-197 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-196 का उत्तर :** 1.तरनजीत सिंह संधू, 2.न्यूजीलैंड, 3.आरव डेंगला, 4. 22 मार्च, 5.सारनाथ, 6.थिंपू, 7.राजा राममोहन राय, 8.राज्य सभा, 9.मिल्खा सिंह, 10.शनि


**जीके क्विज-196 का सही उत्तर देने वाले :** शुभ-बिलासपुर, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, कुलमनी-ईमेल से, कबीर-हिसार, सुनीता-सीतापुर, नीटू-रायगढ़, कुसुम-भोपाल, अंकुश-रायपुर, हर्ष-रोहतक, दिव्या-बलौदा बाजार

**कहानी**

**डॉ. मोहम्मद अरशद खान**

नन्हे अरशान ने पहला रोजा रखा तो उसे लोगों ने मुबारकबाद के साथ तोहफे और पैसे भी दिए। अरशान को ईद के दिन ईदी के भी खूब पैसे मिले। लेकिन अभी उसे और पैसे चाहिए थे। पापा ने उसे डांटा, यह लालच सही नहीं है, इतने पैसे क्यों बटोर रहे हो? अरशान ने जब इसकी वजह बताई तो परिवार के लोग सन्न रह गए!

# अरशान की ईद


एआई इमेज

इस बार का रमजान अरशान के लिए खास था। उसने पहली बार रोजा रखा था। वह छोटा था, इसलिए अम्मी डर रही थीं। बारह-तेरह घंटे बिना कुछ खाए-पिए इबादत में लगे रहना बड़ों के लिए भी आसान नहीं था, और वह तो अभी आठ-नौ साल का बच्चा था। पर उसने ऐसी जिद ठानी कि मम्मी ने इजाजत दे दी। शाम को इफ्तार पार्टी हुई। रिश्तेदार, मुहल्ले के लोग और दोस्त-अहबाब आए। सबने अरशान को मुबारकबाद दी और पहला रोजा रखने की खुशी में तोहफे और पैसे दिए। अरशान की गुल्लक भर गई। उसे पहली बार इतने पैसे मिले थे, लेकिन वह खुश नहीं था। वह बार-बार नोटों को गिनता, उन्हें गुल्लक में तरतीब से जमाता और किसी चिंता में डूब जाता।

ईद का दिन आया तो परिवार के सब लोग नमाज पढ़ने गए। नमाज के बाद वे मेले में घूमे। मेले में खाने-पीने और खिलौनों की दुकानें लगी हुई थीं। अरशान को उसमें कोई रुचि नहीं थी। वह जल्दी से जल्दी घर पहुंचना चाहता था, ताकि सबसे अपनी ईदी वसूल सके। रास्ते में भीड़ थी। गाड़ी धीरे-धीरे चल रही थी। अरशान पूरे रास्ते बेचैन रहा। घर पहुंचते ही उसने दादा-दादी और मम्मी-पापा से ईदी वसूल की और फिर अपनी बड़ी बहन आलिया के पास आया। उससे बोला, 'अप्पी, आप भी ईदी दीजिए न।' 'मैं!' आलिया हैरानी से बोली।

'सब बड़े अपने से छोटों को ईदी देते हैं न!' अरशान तुरंत बोला। पास बैठे दादा जी ने सुना तो वह हंसने लगे। आलिया के हाथ पर सौ का नोट रखते हुए बोले, 'बात तो अरशान सही कह रहा है। लो, तुम भी उसे ईदी दे दो।' 'लालची कहीं का।' बड़बड़ाते हुए आलिया ने बेमन से उसके हाथों में ईदी रख दी। थोड़ी देर बाद अस्थाना अंकल घर आए। वह पड़ोस में रहते हैं। उन्होंने दादा जी के पैर छुए और गले मिलकर ईद की बधाइयां दीं। फिर सिवइयां और पकवान खाने लगे।

तभी अरशान आया और बोला, 'अंकल, नमस्ते! आपने मुझे ईदी नहीं दी?' अरशान के इस व्यवहार से मम्मी-पापा असहज हो गए, लेकिन अस्थाना अंकल हंसते हुए बोले, 'नमस्ते बेटा, खुश रहो.. । मैं भी कितना गड़बड़ आदमी हूं। भर-भरकर सिवई खाए जा रहा हूं और ईदी देना भूल ही गया।' यह कहकर उन्होंने पर्स से पैसे निकाले तो दो नोट बाहर आ गए। उन्होंने दो सौ का नोट पर्स के अंदर रखते हुए सौ का नोट अरशान की ओर बढ़ाया और बोले, 'लो भई, अपनी ईदी।'

'अंकल वो दो सौ वाला नोट दे दीजिए न।' अरशान इठलाता हुआ बोला।

पापा की भौंहें गुस्से से तन गईं। अस्थाना अंकल जोरदार ठहाका लगाते हुए बोले, 'लो भई, वह नोट भी रखो और यह भी। अब जाओ अपनी अप्पी को भी भेजो। वर्ना उसे ईदी देने दोबारा आना पड़ेगा और तुम्हें फिर से सिवई खिलानी पड़ेगी।' कहकर वह जोरों से हंसे। अस्थाना अंकल के जाते ही पापा गुस्से से फट पड़े, 'यह क्या तरीका है। मेहमान से ऐसे बात की जाती है? अस्थाना जी की जगह कोई होता तो बुरा मान जाता।'

'आपको नहीं पता, पापा। ये जनाब मुहल्ले में घर-घर ईदी मांगकर आए हैं।' आलिया ने बताया। पापा का गुस्सा सातवें आसमान पर जा पहुंचा। दादा-दादी और अम्मी भी नाराजगी भरी निगाहों से उसकी ओर देखने लगे। पापा ने उसे खूब डांट पिलाई और बोले, 'अजब लालची बच्चा है। अभी रोजा कुशाई में ढेर सारे पैसे मिले हैं। अब ईदी समेटने पर जुटा है। पूरे मुहल्ले में हंसी उड़वा दी।'

पापा ने अरशान से गुल्लक मंगाकर पैसे गिने। गिनते-गिनते उनकी त्योरियां चढ़ गईं, 'पूरे अट्ठारह सौ पचास रुपए हैं। ये भी तुम्हें कम लग रहे हैं?' 'हां, अभी चार सौ रुपए कम हैं।' अरशान बुझी-सी आवाज में बोला। इस जवाब पर सब हैरानी से उसकी ओर देखने लगे। 'दरअसल.!' अरशान डरते-डरते बोला, 'मेरा एक क्लासमेट है शलभ। पिछले बरस उसके पापा नहीं रहे। स्कूल के खर्चों की वजह से मम्मी उसका नाम कटाना चाहती हैं। पर हम सब दोस्तों ने उन्हें मना लिया है। हमने तय किया है, कोई दोस्त किताबें खरीद कर देगा तो कोई कॉपियां और कोई स्कूल बैग। कोई ड्रेस लाकर देगा। मैं उसकी फीस जमा करने की सोच रहा हूं, लेकिन अभी इतने पैसे ही नहीं इकट्ठा हो पाए।' अरशान की बात सुनकर सब लोग सन्न रह गए। अचानक पापा को जाने क्या हुआ कि वे कड़क आवाज में बोले, 'लो, इन पैसों को गुल्लक में वापस रखो। इनसे किसी की फीस-वीस नहीं भरी जाएगी।' पापा की बात पर अरशान डर गया। दादा जी, मम्मी और आलिया का दिल भी धक से रह गया। तभी सबने पापा की ओर देखा तो उनके चेहरे पर मुस्कराहट खिली हुई थी। वह बोले, 'अरे भई! अब आगे से तुम्हारे दोस्त की पढ़ाई का सारा खर्चा मैं उठाऊंगा।' अरशान खुशी से चहक उठा। ईद तो हर बार आती थी, पर इस बार की ईद अरशान के लिए बहुत ज्यादा खुशियों भरी थी। *

**कविता**
**सूर्यकुमार पांडेय**


एआई इमेज

## ईद मुबारक

यह सुंदर त्योहार ईद का,
सब लोगों को ईद मुबारक!
आसमान में निकला चांद,
ईद मन रही उसके बाद।
हम सब बच्चे ईदी पाते,
मीठी-मीठी सेंवई खाते।
इस प्यारे दिन के क्या कहने?
नए-नए कपड़े सब पहने,
कहते सबसे, ईद मुबारक!
ईद मुबारक, ईद मुबारक!!
मस्जिद में सब पढ़ें नमाज,
हंसी-खुशी का दिन है आज।
जो भी मिलता गले लगाते,
रोजे के किस्से बतियाते।
हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई,
सब मिलकर दे रहे बधाई।
कहते हमसे, ईद मुबारक!
ईद मुबारक, ईद मुबारक!!

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां ईद सेलिब्रेशन से जुड़े दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन चित्रों में कुछ अंतर भी हैं। तुम तीन मिनट के अंदर इन चित्रों में पांच अंतर ढूंढ़ कर बताओ।




उत्तर: [illegible]

## सही परछाई पहचानो

बच्चो, यहां नन्ही गौरैया का एक चित्र दिया गया है। साथ ही चार परछाइयां भी दी गई हैं। तुम चित्र और परछाइयों को ध्यान से देखकर बताओ कि गौरैया के चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तर: B

**खबर संक्षेप**

## अनुदान के लिए ट्रैक्टरों का भौतिक सत्यापन आज



रेवाड़ी। अनुसूचित जाति के किसानों को एसबी-89 स्कीम के तहत अनुदान पर उपलब्ध कराए गए ट्रैक्टरों का जिला स्तरीय कमेटी की ओर से 20 मार्च को भौतिक सत्यापन किया जाएगा। सहायक कृषि अभियंता दिनेश शर्मा ने बताया कि कृषि विभाग की ओर से अनुसूचित जाति के किसानों स्कीम के तहत ट्रैक्टरों पर 50 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराने के लिए गत 15 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। स्कीम के तहत अंतिम तिथि 17 मार्च तक जिले के 12 किसानों की ओर से ट्रैक्टर के बिल अपलोड कराए गए। पोर्टल पर बिल अपलोड कराने वाले किसानों के ट्रैक्टर का भौतिक सत्यापन एसडीएम रेवाड़ी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कमेटी की ओर से शुक्रवार को सुबह 11बजे किसान भवन अनाजमंडी में किया जाएगा।

### आगामी जनगणना के लिए फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

# जनगणना राष्ट्रीय दायित्व का महत्वपूर्ण कार्य प्रशिक्षण गंभीरता से लेना जरूरी: उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। जनगणना के प्रशिक्षण कार्यक्रम में फील्ड ट्रेनर्स को संबोधित करते हुए डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय दायित्व का बेहद महत्वपूर्ण कार्य होता है, इसलिए इसका प्रशिक्षण पूरी गंभीरता से लेना जरूरी है। जिला जनगणना अधिकारी एवं डीसी जनगणना के लिए वीरवार को आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में फील्ड ट्रेनर्स को दिशा-निर्देश दे रहे थे।


डीसी ने कहा कि जनगणना महज आंकड़ों का खेल नहीं है, अपितु यह देश की विकास परियोजनाओं तथा नीति निर्माण का आधार होता है। इसलिए जनगणना संबंधी हर ट्रेनिंग बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। प्रशिक्षण को जितनी गंभीरता से पूरा किया जाएगा, फील्ड ट्रेनर्स उतने ही आत्मविश्वास के साथ ही प्रगणकों तथा सुपरवाइजर्स को ट्रेनिंग दे पाएंगे।

उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय ट्रेनिंग में मास्टर ट्रेनर्स तथा फील्ड ट्रेनर्स सभी शंकाओं पर रचनात्मक विमर्श करें। डीसी ने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान एकत्रित की गई जानकारी का कहीं किसी रूप में दुरुपयोग नहीं हो सकता, क्योंकि यह जानकारी पूरी तरह सुरक्षित रखी जाती है। उन्होंने कहा कि फील्ड ट्रेनर्स जनगणना के नाम पर होने वाले संभावित फ्रॉड को रोकने के लिए आम जनता को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें। इस अवसर पर डीसी ने फील्ड ट्रेनर्स को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए।

इस मौके जिला नोडल अधिकारी एवं सीटीएम जितेंद्र कुमार ने जनगणना कार्य में प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। जनगणना विभाग के संयुक्त निदेशक लक्ष्मण सिंह रावत ने ट्रेनिंग के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए पहली बार हो रही डिजिटल जनगणना की जानकारी दी।

**ये अधिकारी रहे उपस्थित**

इस अवसर पर सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के उपनिदेशक अमित पंवार, डिप्टी डीईओ अरविंद यादव, जनगणना के असिस्टेंट डिविजनल इंचार्ज सतीश कुमार, मास्टर ट्रेनर डा. सुनील कुमार सहित जिला कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार, प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया व ट्रेनिंग के नोडल अधिकारी अमित कुमार भी उपस्थित थे।


रेवाड़ी। सरपंचों व अन्य सदस्यों के साथ बैठक करते एक्सईएन।

## सोलर पैनल लगवाने के लिए सरपंचों को किया जागरूक

- बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता धर्मेंद्र रूहील ने सभी को योजना की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धारूहेड़ा

वीरवार को धारूहेड़ा डिवीजन बिजली निगम कार्यालय में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सरपंच, ब्लॉक समिति मेंबर, पार्षद व ब्लॉक समिति प्रधान मौजूद थे। बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता धर्मेंद्र रूहील ने सभी को योजना की जानकारी दी और योजना से होने वाले फायदों को लेकर चर्चा की। उन्होंने सभी को आरटीएस लगवाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर सरपंचों ने निगम की पहल की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि वे स्वयं भी सोलर पैनल लगवाएंगे तथा सभी अपने-अपने गांवों में 10 अन्य उपभोक्ताओं को भी सोलर पैनल लगवाने के लिए प्रेरित करेंगे।

# सोलर पैनल उपभोक्ताओं को सब्सिडी के चेक किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंड




गांव पाली गोठड़ा के सब डिविजन बिजली निगम कार्यालय में वीरवार को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत बीपीएल परिवारों को सब्सिडी के चेक वितरित किए गए। अर्बन रेवाड़ी डिवीजन के कार्यकारी अभियंता ओमेंद्र कुमार भारद्वाज ने सोलर पैनल उपभोक्ताओं चेक वितरित किए। इस मौके पर एसडीओ एजाज अहमद भी मौजूद थे। इस मौके पर आरए सोलर पावर सोल्यूशन खोरी से नीरज भारद्वाज ने बताया कि सरकार की ओर से घर पर सोलर पैनल लगवाने के लिए सब्सिडी दी जाती है। उन्होंने बताया कि फैमिली आईडी में इनकम 1 लाख 80 हजार तक के परिवारों को 2 किलो वाट पर 60 हजार रुपये केंद्र सरकार और 50 हजार राज्य सरकार की ओर से सब्सिडी दी जाती है। 1 लाख 80 हजार से 3 लाख तक इनकम वालों को 80 हजार रुपए केंद्र सरकार व 20 हजार रुपए तक राज्य सरकार की ओर से सब्सिडी दी जाती है। इस मौके पर अकाउंटेंट विवेक, सीसी तरुण, बिजेंद्र धामलावास, बलवंत माखरिया, राजेश खोरी, शिवकुमार खोरी व आशा गोठड़ा आदि उपस्थित थे

## नवरात्रों में मीट की दुकानें बंद रखने के निर्देश

**सतनाली मंडी।** सतनाली थाना प्रभारी अनिल कुमार ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और धार्मिक भावनाओं का सम्मान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नवरात्र पर्व को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। थाना प्रभारी ने नवरात्र के पावन दिनों के दौरान सभी मीट विक्रेताओं को अपनी दुकानें बंद रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नवरात्र हिंदू धर्म का एक प्रमुख पर्व है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु व्रत रखते हैं और धार्मिक आयोजनों में भाग लेते हैं। ऐसे में क्षेत्र में शांति, सौहार्द व आपसी भाईचारे को बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस दौरान किसी भी प्रकार की असंवेदनशील गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# राज इंटरनेशनल स्कूल में मनाया हिंदू नव वर्ष

- विद्यार्थियों को जड़ों से जोड़ना व भारतीय पंचांग व इतिहास के प्रति जागरूक करना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। स्कूल में हिंदू नव वर्ष मनाते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

राज इंटरनेशनल स्कूल में वीरवार को हिंदू नव वर्ष यानि विक्रम संवत 2083 का स्वागत धूमधाम और उत्साह के साथ किया गया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भारतीय संस्कृति की इस अनमोल विरासत का जश्न मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत गायत्री मंत्रोच्चार के साथ हुई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। छात्रों ने नव वर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रेरक भाषण और कविताएं प्रस्तुत किए। स्कूल प्रबंधन ने इस बात पर बल दिया कि बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ना और उन्हें भारतीय पंचांग व इतिहास के प्रति जागरूक करना आज के समय की मुख्य आवश्यकता है। स्कूल के चेयरमैन राजेंद्र सैनी ने बच्चों व शिक्षकों को नव वर्ष की मंगलकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि स्कूल का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र में ऐसे मूल्यों का निर्माण करना है, जो उन्हें अपनी गौरवशाली संस्कृति और संस्कारों पर गर्व करना सिखाएं।


रेवाड़ी। जन शिकायतों की सुनवाई करते हुए एसडीएम विजय कुमार यादव।

## गांवों के आम रास्तों पर जलभराव न होने दें ग्राम पंचायतें: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसली

एसडीएम विजय कुमार यादव ने कहा कि बारिश के मौसम को देखते हुए ग्राम पंचायतें आम रास्तों पर जलभराव न होने दें। उन्होंने कहा कि गांवों में कहीं भी गलियों में कीचड़ जमा नहीं होना चाहिए। एसडीएम वीरवार को समाधान शिविर में जन शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि गलियों में जलभराव होने से खासतौर से महिलाओं और बच्चों को आने-जाने में परेशानी होती है। कई बार तो बुजुर्ग इस समस्या के चलते संभल नहीं पाते और गिर जाते हैं। उन्होंने कहा कि बीडीपीओ और ग्राम सचिव भी इस समस्या पर ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि गांवों में नालियों और पानी निकासी के लिए बनाए गए नालों की सफाई कराई जाए। इस अवसर पर बीडीपीओ अनिल यादव, उप अधीक्षक राजेश कुमार, बीर सिंह, दलसिंह आर्य व रणधीर सिंह मौजूद थे।

**बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार वीरवार को सेक्टर-1 स्थित अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे**

# जनसमस्याओं का त्वरित समाधान प्रदेश सरकार की प्राथमिकता: डा. कृष्ण कुमार

- कहा, नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बिना भेदभाव के करा रही विकास कार्य
- बावल हलके में पीएचसी और पशु अस्पताल से लोगों को मिली मूलभूत सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी


रेवाड़ी। बावल हलके के लोगों की समस्याएं सुनते हुए डा. कृष्ण कुमार। फोटो : हरिभूमि

बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान कराने के प्रति कृसंकल्प है। इसके लिए अधिकारियों को समय-समय पर निर्देश दिए जाते हैं। वह वीरवार को सेक्टर-1 स्थित अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे।

उन्होंने लोगों को नवरात्र पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के विकासकार्य करा रही है। सरकार का प्रयास है कि लोगों को अपनी समस्याओं का समाधान कराने के लिए दफ्तरों के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ें। इसके लिए अधिकारी समाधान शिविर लगाते हैं। समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने के प्रयास किए जाते हैं। इन शिकायतों पर सरकार की ओर से बार-बार फीडबैक भी लिया जाता है।

उन्होंने कहा कि बावल हलके के विकास के लिए उन्होंने प्रदेश सरकार से कई परियोजनाओं को मंजूरी दिलाने का काम किया है। बावल हलके में पीएचसी और पशु अस्पताल जैसी योजनाओं को सिरे चढ़ाया गया है। जहां भी मूलभूत सुविधाओं की कमी नजर आती है, वह सरकार से उसे दूर कराने का प्रयास करते हैं।


रेवाड़ी। हिंदू नववर्ष पर हवन में भाग लेते कोसली आर्य समाज के सदस्य।

## आर्य समाज मंदिर में नवसंवत 2083 हवन-यज्ञ से हुआ हिंदू वर्ष का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसली

कोसली आर्य समाज मंदिर परिसर में वीरवार को हिंदू नव वर्ष 2083 की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर हवन का आयोजन किया गया।

इस मौके पर शिव कुमार आर्य ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही भारतीय नव वर्ष प्रारंभ होता है। उन्होंने कहा कि वेद परंपरा का अनुसरण करने के कारण ही भारत प्राचीन काल में विश्व गुरु कहलाता था। भारतीय नव वर्ष वैज्ञानिक एवं प्राकृतिक रूप से भी उचित है। इसलिए नववर्ष सदैव चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाश्चात्य सभ्यता के चंगुल में फंसकर अपनी संस्कृति को विस्मृत करना कदापि उचित नहीं है। इस मौके पर आर्य समाज के प्रीतपाल आर्य, राज आर्य, अजीत आर्य, शीला आर्या, कृष्णा आर्या, किरण आर्या, भगवती आर्या, नितिन आर्य व तेजपाल आर्य सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# एआईयू राष्ट्रीय युवा महोत्सव पूर्वी ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन


रेवाड़ी। छात्रा को सम्मानित करते हुए प्राचार्य व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

आरडीएस कॉलेज की बीकॉम अंतिम वर्ष की छात्रा पूर्वी ने एआईयू राष्ट्रीय युवा महोत्सव की नृत्य टीम में आईजीयू मीरपुर का प्रतिनिधित्व किया और शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के लिए कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार भट्टेवाला, सचिव प्रवीन कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष मनीष अग्रवाल तथा कोषाध्यक्ष प्रर्मिला भार्गव ने छात्रा को बधाई दी।

प्राचार्य डा. दलवीर सिंह यादव ने छात्रा को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास से ही इस प्रकार की उपलब्धियां हासिल होती हैं। पूर्वी की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि वे अपनी प्रतिभा को पहचानें, अवसरों का सदुपयोग करें और पूरे समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहें। सांस्कृतिक समिति की संयोजक प्रो. मिथलेश यादव तथा सदस्य डा. पिंकी शर्मा, डा. परवीन, क्रांति शर्मा, रेनू यादव और शानू यादव ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# महेंद्रगढ़ कॉलेज में एमएससी गणित और भौतिकी शुरू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏩ महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

विष्णु सेवा समिति के प्रधान मनोहर लाल झूकिया, कोषाध्यक्ष रामानंद शर्मा तथा समिति के अन्य प्रतिनिधियों ने राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर विजय यादव को मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, अतिरिक्त मुख्य सचिव उच्चत्तर शिक्षा विभाग तथा महानिदेशक उच्चतर शिक्षा विभाग पंचकूला के नाम ज्ञापन सौंपा। समिति के प्रतिनिधियों ने अपने ज्ञापन में मांग की है कि राजकीय महाविद्यालय में सत्र 2026-27 से एमएससी गणित एवं एमएससी भौतिकी जैसे महत्वपूर्ण स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाएं। उन्होंने बताया कि यह महाविद्यालय क्षेत्र का एक प्राचीन एवं प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान है, जहां से शिक्षा प्राप्त कर अनेक विद्यार्थी विभिन्न उच्च पदों पर आसीन होकर क्षेत्र एवं राज्य का नाम रोशन कर चुके हैं। वर्तमान समय में महाविद्यालय में इन स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की अनुपलब्धता के कारण विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है। विशेष रूप से छात्राओं को इससे अनेक व्यावहारिक एवं सामाजिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिसके कारण कई बार उन्हें अपनी शिक्षा बीच में ही छोड़नी पड़ती है। समिति ने यह भी उल्लेख किया कि महाविद्यालय में विज्ञान संकाय के लिए पृथक भवन उपलब्ध है तथा हरियाणा सरकार द्वारा हाल ही में विज्ञान विषयों में नए प्राध्यापकों की नियुक्तियां भी की गई हैं। अतः आवश्यक आधारभूत संरचना एवं शैक्षणिक संसाधन पहले से ही उपलब्ध हैं, जिससे इन पाठ्यक्रमों का संचालन सुचारू रूप से किया जा सकता है। समिति के पदाधिकारियों ने हरियाणा सरकार से विनम्र आग्रह किया है कि क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य तथा महेंद्रगढ़ जिले के समग्र शैक्षिक विकास को ध्यान में रखते हुए राजकीय महाविद्यालय में शीघ्रातिशीघ्र एमएससी गणित एवं एमएससी भौतिकी पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की जाए।

## मंढाणा में भ्रूण हत्या के खिलाफ दिलाई शपथ

**नारनौल।** गांव मंढाणा में सरपंच मुकेश कुमार की अध्यक्षता में भ्रूण हत्या के खिलाफ जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के पंच, नंबरदार, गर्भवती महिलाएं, योग्य दंपति व अन्य ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मढाणा के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार, एमपीएचडब्ल्यू सुरेंद्र सिंह, एएनएम मोनिका, सूचना सहायक सुरेंद्र कुमार सहित आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी मौजूद रही। बैठक के दौरान गांव में गिरते लिंगानुपात को लेकर चिंता जताई गई और लोगों को इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया । वक्ताओं ने बताया कि आज के समय में लड़कियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है और समाज में उनका योगदान बराबर का है। इसलिए लड़का-लड़की में भेदभाव नहीं करना चाहिए। एएनएम मोनिका ने कहा कि लिंग परीक्षण व भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करने के लिए समाज में जागरूकता जरूरी है।

**सूचना**

मैं, अनिल पुत्र श्री बिशम्बरदयाल निवासी मौजा हांसावास तहसील व जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मेरी 22 वर्षीय लड़की खुशी मेरी आज्ञा व मर्जी के खिलाफ चलती है। मैं उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति के उत्तराधिकार से मुक्त कर रहा हूं। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार का उससे किसी प्रकार का सम्बन्ध नहीं रहेगा। कोई व्यक्ति उससे किसी भी तरह का व्यवहार व लेनदेन करता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी।

**सरपंच ग्राम पंचायत बाबड़ौली**
**खण्ड जाटुसाना, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बाबड़ौली में एक जल कर्मी की नियुक्ति की जानी है, इच्छुक अभियार्थी अपना आवेदन व दस्तावेज (न्यूनतम योग्यता : दसवीं पास) ग्राम पंचायत बाबडौली के सरपंच के पास जमा करवाना सुनिश्चित करें । आवेदन जमा करवाने की तिथि 21 March 2026 से 30 March 2026 तक है।

**नोट : दिनाँक 30.03.2026 के बाद किसी भी प्रकार का आवेदन मान्य नही होगा।**

हस्ता/- आशा सरपंच, ग्राम पंचायत, बाबड़ौली
खण्ड जाटूसाना (रेवाड़ी), Mobile No. 8587094101

## खबर संक्षेप



### डॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्र हुए सम्मानित

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड स्थित डॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का सैनिक स्कूल में चयन हुआ है। स्कूल के छात्र नक्ष, पर्व व वनिज ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होकर अपनी बुद्धिमता का प्रदर्शन किया, वहीं केतिका और समीर ने ओपन जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर परचम लहराया। स्कूल की प्रधानाचार्या पिंकी तंवर ने सभी छात्रों को पुरस्कृत कर उनकी प्रतिभा की सराहना की तथा निरंतर प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया।

### कोसली अनाजमंडी में समाधान शिविर आज

**कोसली।** विधायक अनिल यादव 20 मार्च को अनाजमंडी कोसली स्थित कार्यालय में आमजन की शिकायतें सुनेंगे। विधायक ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जन शिकायतों की सुनवाई कर मौके पर ही निवारण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम नागरिक लिखित में अपनी समस्या लेकर आएं। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी तथा सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

### अहरोद धाम पर 27 से लगेगा दुर्गा मां का भंडारा

**खोरी।** खंड खोल के गांव अहरोद के प्राचीन भैरव मंदिर में वीरवार को हवन के साथ नवरात्र पर्व का शुभारंभ किया गया। मंदिर के पंडित नटवरलाल ने बताया कि नवरात्र के प्रथम दिन पंडित मनोज शास्त्री के सानिध्य में हवन व घट स्थापना की गई। उन्होंने बताया कि मंदिर में 27 मार्च से 29 मार्च तक तीन दिन भंडारे का आयोजन होगा। 28 मार्च को सुबह के समय हवन के बाद भंडारा होगा।

### शनिवार को मनाया जाएगा ईद-उल-फितर का पर्व

**रेवाड़ी।** शनिवार 21 मार्च को जिले की सभी मस्जिदों व ईदगाह में ईद-उल-फितर की नमाज अता की जाएगी। मुस्लिम सभा के प्रधान मुबीन खान ने समाज के साथ सलाह-मशवरा करके जिले की सभी मस्जिदों में ईद की नमाज का समय तय किया है। प्रधान ने बताया कि जामा मस्जिद पीरबाबा वाली में सुबह 8:15 बजे, आसिया मस्जिद पुराना सिटी थाना में सुबह 7:30 बजे, अक्शा मस्जिद चौधरीवाड़ा में सुबह 8:45 बजे, खोल मस्जिद में सुबह 8:30 बजे, मदीना मस्जिद रेलवे स्टेशन में सुबह 8:30 बजे व गांव गुड़ियानी स्थित ईदगाह में सुबह 8:30 बजे ईद की नमाज पढ़ने का समय तय किया गया है।

## 26 जनवरी को भालखी सरपंच प्रतिनिधि पर हुआ था हमला

# जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार मामले में शामिल तीन अन्य भी चढ़े हत्थे

हमले में घायल सुरेंद्र धोलिया गंवा चुके अपना एक पैर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गणतंत्र दिवस के दिन माजरा अंडरपास के पास भालखी के सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र उर्फ धोलिया पर हुए जानलेवा हमले के आरोपी माजरा के सरपंच रविंद्र उर्फ हाथी को उसके तीन साथियों को धारूहेड़ा सीआईए ने गिरफ्तार कर लिया। हाथी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बड़ी संख्या में भालखी के ग्रामीण तीन दिन पूर्व एसपी से मिले थे। रविंद्र हाथी पर पुलिस ने 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था। रविंद्र पर 8 आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार किए गए उसके साथियों पर भी विभिन्न पुलिस थानों में केस दर्ज हैं। भालखी गांव में नाला निर्माण को लेकर विवाद के बाद गत 19 जनवरी को माजरा के सरपंच रविंद्र हाथी पर कई लोगों ने हमला कर दिया था। हाथी को एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया था। इस मामले आरोपी सुरेंद्र उर्फ धोलिया सहित लोगों ने पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। जमानत मिलने के बाद वह रिहा हो गए थे। इसके बाद 26 जनवरी को जब सुरेंद्र उर्फ धोलिया गांव के स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के बाद कार से अपने घर लौट रहे थे, तो गाड़ियों से आए कई युवकों ने उनकी गाड़ी को टक्कर मारकर नीचे उतार लिया।

सुरेंद्र उर्फ धोलिया की बेरहमी से पिटाई की गई। मौके पर पहुंची पुलिस और सीन ऑफ क्राइम टीम ने एक मैगजीन भी मौके से बरामद की थी, जिसमें कारतूस पाए गए थे। उन्हें उपचार के लिए प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां से परिजन जयपुर अस्पताल ले गए। डॉक्टरों को बीते दिनों धोलिया का एक पैर काटना पड़ा। पुलिस ने इस मामले में रविंद्र हाथी सहित कई लोगों के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। कई आरोपियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन हाथी व कुछ अन्य आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लग पाए थे।


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जानकारी देते हुए डीएसपी। फोटो : हरिभूमि

### दो दिन पूर्व एसपी से मिले ग्रामीण

सुरेंद्र धोलिया के साथ भालखी गांव के ग्रामीणों ने बीते सोमवार को एसपी से मिलकर हाथी और अन्य आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की थी। गिरफ्तारी नहीं होने पर ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी थी। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने रविंद्र हाथी, महेंद्रगढ़ के ऊंची भांडोर निवासी नवीन उर्फ राधे, सचिन उर्फ अमरूद व राजस्थान के परतापुर निवासी रवि को गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी सुरेंद्र श्योराण ने वीरवार सुबह पत्रकारों से बातचीत में आरोपियों की गिरफ्तारी का खुलासा किया।

### ट्रेस नहीं हो पा रही थी लोकेशन

केस दर्ज होने के बाद से ही हाथी अपना मोबाइल फोन यूज नहीं कर रहा था, जिस कारण पुलिस उसकी लोकेशन ट्रेस नहीं कर पा रही थी। लगभग 40 दिन बाद भी उसकी गिरफ्तारी नहीं होने से पुलिस पर दबाव बढ़ रहा था। एसपी ने उसकी गिरफ्तारी का जिम्मा सीआईए धारूहेड़ा प्रभारी योगेश को सौंपा था। आखिरकार सीआईए की टीम ने उसे साथियों सहित यूपी के बरसाना से काबू करने में सफलता हासिल की। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है।


रेवाड़ी। सचिवालय रोड पर जमा बरसात का पानी व गुजरते वाहन। फोटो : हरिभूमि

## वीरवार को कई इलाकों में बूंदाबांदी

# बारिश के बाद 10 डिग्री तक गिरा पारा, ठंडा हुआ मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बुधवार शाम हुई बारिश और ओलावृष्टि ने मौसम फरवरी माह जैसा बना दिया। तापमान में 10 डिग्री तक की कमी आने से गर्मी का असर ठंड में बदला गया। एसी और पंखे चलने बंद हो गए। दूसरे दिन भी कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हुई। शुक्रवार को भी बारिश के साथ ओलावृष्टि का अनुमान लगाया जा रहा है, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है।

वीरवार को सुबह के समय आसमान साफ बना रहा। तेज धूप निकलने के बाद दोपहर के समय आसमान में बादल गहराने शुरू हो गए। कुछ इलाकों में बादलों के बीच हल्की बूंदाबांदी हुई। अधिकतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 24.6 डिग्री पर आ गया। 20 फरवरी के बाद पहली बार दिन का तापमान इस स्तर पर आया है। रात का तापमान 1.0 डिग्री की वृद्धि के साथ 16.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 12 से 15 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं, जबकि हवा में नमी का स्तर 45 फीसदी से ज्यादा रहा। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते 20 मार्च को भी तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। इस दौरान ओलावृष्टि से भी इनकार नहीं किया जा रहा है। लगभग एक सप्ताह तक मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल सकता है।

### बिजली का लोड 40 फीसदी तक कम

आंधी के साथ बारिश और ओलावृष्टि के कारण बड़ी संख्या में फीडर बंद हो गए थे। इससे बुधवार की रात बिजली का लोड 60 प्रतिशत से भी कम हो गया था। बिजली की वोल्टेज बढ़ गई थी। वीरवार को भी कई फीडरों की बिजली बंद रही। कृषि और घरेलू क्षेत्र में बिजली की खपत होने से लोड 40 प्रतिशत तक कम हो गया। निगम अधिकारियों के अनुसार बिजली की दैनिक खपत कम होकर लगभग 50 लाख यूनिट के आसपास आ गई है। मौसम ठंडा रहने की सूरत में बिजली की डिमांड भी कम बनी रहेगी।

### बाबा मुक्तेश्वरपुरी गोशाला की गवर्निंग बॉडी के चुनाव 26 अप्रैल को

**कोसली।** कोसली की बाबा मुक्तेश्वरपुरी गोशाला की गवर्निंग बॉडी के चुनाव 26 अप्रैल को कराए जाएंगे। सोसायटी एक्ट के अंतर्गत नियुक्त गोशाला के प्रशासक कम रिटर्निंग अधिकारी सतबीर सिंह ने चुनाव का शेड्यूल जारी कर दिया है। प्रशासक ने बताया कि गोशाला के आजीवन सदस्यों की सूची 19 मार्च को चुनाव स्थल आर्य समाज मंदिर के कम्युनिटी हाल के नोटिस बोर्ड पर लगवा दी गई है। सूची पर आपत्तियों की सुनवाई के बाद अंतिम सूची 6 अप्रैल को जारी की जाएगी। चुनाव के लिए नामांकन 12 अप्रैल को तथा नाम वापस 19 अप्रैल को लिए जा सकेंगे। चुनाव परिणाम 26 अप्रैल को चुनाव संपन्न होने के बाद जारी किया जाएगा। प्रशासक ने बताया कि चुनाव लड़ रहे सदस्य को अपना नामांकन पत्र स्वयं रिटर्निंग अधिकारी के सम्मुख एक प्रस्तावक व एक अनुमोदक सहित प्रस्तुत करना होगा।

- आपत्तियों की सुनवाई के बाद अंतिम सूची 6 अप्रैल को जारी की जाएगी

### अकेडमी के छात्रों ने जेएनवी प्रवेश परीक्षा में लहराया परचम


रेवाड़ी। जेएनवी परीक्षा में सफल विद्यार्थी शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

**रेवाड़ी।** ढालियावास रोड स्थित मार्टिर जीआर अकेडमी के विद्यार्थियों ने जेएनवी की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है।

अकेडमी की संचालिका डा. प्रवीन ने कहा कि अकेडमी के छात्रों ने जेएनवी की परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर सराहनीय रैंक प्राप्त कर गौरव बढ़ाया है। छात्र मुकुल एआईआर-36, आरव एआईआर-420, महक एआईआर-516, मयंक एआईआर-968, कमल एआईआर-1372, भूमिका एआईआर-1984, हर्षित एआईआर-2035, कुशल एआईआर-2680, विवान एआईआर-2851 व रतिका एआईआर-2958 ने सराहनीय प्रदर्शन किया। उन्होंने इस सफलता पर स्टाफ व विद्यार्थियों की सराहना की तथा विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

## इन्वेस्टमेंट के नाम पर 9.46 करोड़ रुपये की ठगी करने के मामले में तेरहवां आरोपी काबू

पुलिस इस मामले में 12 आरोपियों को पहले ही काबू कर चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने गत वर्ष गांव पीथनवास निवासी एक व्यक्ति से स्टाक मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर मोटे मुनाफे का लालच देकर 9.46 करोड़ रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में 12 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी हैं। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद एक दिन के रिमांड पर लिया है। साइबर थाने में गत वर्ष 22 सितंबर को दर्ज शिकायत में गांव पीथनवास निवासी जयकृष्ण आभीर ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह 24 अगस्त 2025 को सोशल मीडिया पर व्हाट्स एप ग्रुप से जुड़ा था। आरोपियों ने उससे स्टाक मार्केट में इन्वेसमेंट करने का लालच दिया और मोबाइल में एक एप इंस्टाल करा दी। इसके बाद आरोपियों ने उससे विभिन्न ट्रांजेक्शन के जरिए अलग-अलग बैंक खातों में कुल 9 करोड़ 46 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। जब उसने राशि वापस निकालने का प्रयास किया तो उससे पैसा जमा कराने की मांग की गई। उसे ठगी का पता चला। पुलिस ने मामले में संलिप्त 12 आरोपी जिला गुरूग्राम के नरहेड़ा निवासी अजय ओमपाल, बिहार के जिला पटना के वैस्टेर रामकृष्णत नगर निवासी पृथ्वी राज चौहान, बिहार के जिला पटना के विकर सैक्सजन कॉलोनी कंकडबाग निवासी तरूणचन्द्रम झां,कोलकाता के गोबरा गोरस्थान रोड निवासी शुभम माली, कर्नाटक के मैसूर के क्रॉस रोड गोसिया नगर निवासी मोहम्मद आफताब, मैसूर के क्रॉस रोड मंडी मोहल्ला हाल आबाद शांति नगर मैसूर निवासी मोहम्मद अबूबकर, कोलकाता के दक्षिणी चौबीस प्रगना बौरेल हाल आबाद दिल्ली के कालकाजी के अरावली अपार्टमेंट निवासी अनिर्बन भट्टाचार्य आदि को गिरफ्तार किया है।


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी तारीकुल इस्लाम। फोटो : हरिभूमि

## भाकियू यूनियन ने की बारिश व ओलावृष्टि से खराब फसल के मुआवजे की मांग

**रेवाड़ी।** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी की ओर से वीरवार को बरसात से खराब हुई फसल के मुआवजे की मांग को लेकर एसडीएम सुरेश कुमार व भाजपा नेता सतीश खोला को ज्ञापन सौंपा गया। यूनियन के प्रधान समय सिंह ने कहा कि बेमौसम की बारिश होने से अनाज मंडी में सरसों बेचने आए किसानों का भारी नुकसान हो गया है। करीब 600 से 800 क्विंटल सरसों बरसात के पानी में सड़क पर बह गई और काफी खुले में फड पर रखी भीग गई। गीली सरसों को किसानों को परेशान होकर घर वापस ले जाना पड़ा। यूनियन ने प्रशासन से अधिकारियों की कमेटी बनाकर खेतों व अनाजमंडी का सर्वे कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कमेटी में यूनियन का शिष्ठ मंडल भी शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ आढ़तियों का भी नुकसान हुआ है। इसी के साथ ही खेतों में सरसों व गेहूं की फसल पर भी बुरा असर पड़ा है। जिले में अभी सरसों की 50 प्रतिशत कटाई बाकी है। इस मौके के जिला महिला प्रधान मुन्नी बूढ़पुर, कार्यकारिणी प्रधान राजेंद्र कुमार गेरा, जिला महासचिव अभय सिंह चिल्हड़, वेद सुल्तानिया, रोशनलाल दरोगा और सरिता एडवोकेट सहित कई किसान नेता मौजूद थे।

- 600 से 800 क्विंटल सरसों बरसात के पानी में सड़क पर बह गई


रेवाड़ी। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते यूनियन के सदस्य।

## मंदिरों में चोरी करने का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, सगे भाइयों ने दिया था चोरी को अंजाम

- पुलिस ने आरोपी को कोर्ट से रिमांड पर लिया, जबकि उसके दूसरे भाई की तलाश की जा रही


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गत 13 मार्च को जाडरा के पंचमुखी हनुमान मंदिर सहित तीन मंदिरों में चोरी करने के मामले में एक आरोपी को सीआईए ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में यह बात सामने आई कि दो सगे भाइयों ने मिलकर एक दिन में तीन मंदिरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट से रिमांड पर लिया है, जबकि उसके दूसरे भाई की तलाश की जा रही है। पुलिस शिकायत में मंदिर के महंत अमित कुमार ने बताया था कि वह किसी काम से मंदिर से बाहर गया हुआ था। इसी दौरान मंदिर में बने उसके कमरे का ताला तोड़कर चोर अलमारी से 20 हजार रुपये, लगभग आधा किलोग्राम वजन का चांदी का मुकुट, एक खाली गैस सिलेंडर व अन्य सामान चोरी कर ले गए। चोर मंदिर के सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी ले गए थे। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद सीआईए की टीमों ने इस मामले में गुरूग्राम के खोड़ निवासी रोहित को गिरफ्तार किया है।


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में मंदिर में चोरी का आरोपी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

## डीआईजी सुरेंद्र पाल सिंह ने अधिकारियों को अपराध व कानून व्यवस्था पर प्रभावी नियंत्रण के लिए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए नियमित पुलिस पेट्रोलिंग जरूरी: डीआईजी

सचिवालय पहुंचने पर एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने डीआईजी का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस उप-महानिरीक्षक सुरेंद्र पाल सिंह ने वीरवार को जिले का दौरा किया। सचिवालय पहुंचने पर एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने डीआईजी का स्वागत किया गया। सलामी गार्द ने डीआईजी को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया। सचिवालय सभागार में आयोजित अपराध गोष्ठी में डीआईजी सुरेंद्र पाल सिंह ने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों और थाना प्रभारियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में डीएसपी हेडक्वार्टर डा. रविन्द्र सिंह, डीएसपी बावल सुरेंद्र श्योराण, डीएसपी सिटी जोगेंद्र शर्मा, डीएसपी कोसली विद्यानंद व डीएसपी ट्रैफिक पवन कुमार भी उपस्थित थे। इस मौके पर डीआईजी ने जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों से उनके क्षेत्रों में अपराध की प्रकृति और वर्तमान स्थिति की जानकारी ली तथा इस वर्ष अब तक दर्ज हुए जघन्य अपराधों के मामलों की समीक्षा की। जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के लिए सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली और उनकी पहुंच की भी समीक्षा की। डीआईजी ने कहा कि पेट्रोल पंप, बैंक, ज्वैलरी शॉप, होटल, ढाबे, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, मार्केट व कोचिंग संस्थानों सहित भीड़भाड़ वाले स्थानों पर उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। प्रवेश व निकासी द्वारों पर कैमरे अवश्य लगाए जाएं तथा कम से कम 30 दिनों का बैकअप सुरक्षित रखा जाए। सीसीटीवी कैमरे अपराध की रोकथाम तथा अपराधियों की पहचान करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए नियमित रूप से पुलिस पेट्रोलिंग तथा सीलिंग प्लान के तहत नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की जाए।


रेवाड़ी। पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते डीआईजी। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस कार्यों व उपलब्धियों पर संतोष व्यक्त किया

डीआईजी ने नशीले पदार्थों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति पर जोर देते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत और अधिक प्रभावी कार्रवाई करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ पुलिस को आक्रामक रुख अपनाना होगा। उन्होंने अब तक किए गए पुलिस कार्यों और उपलब्धियों पर संतोष व्यक्त किया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि पुलिसिंग में हमेशा सुधार की गुंजाइश बनी रहती है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी ईमानदारी, निष्ठा और लगन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया।